	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	वैशाख 22, मंगलवार, *शाके* 1948- मई 12, 2026 Vaisakha 22, Tuesday, Saka 1948- May 12, 2026	

भाग 6 (ख)

जिला बोर्डो, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि

जयपुर, विकास प्राधिकरण, जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, मार्च 25, 2026

(जविप्रा अधिनियम की धारा 25 (4) देखे)

संख्या जविप्रा/उपा-7/2026/राजकाजनं.1324406/डी-437 :-जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 1982 की धारा 25 की उपधारा (3) के अनुसरण में जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित नव जीवन गृ.नि.स.स. की आवासीय योजना विद्युत नगर-बी के पुर्नगठित भूखण्ड संख्या बी 122 & बी 123 क्षेत्रफल 711.1 वर्गगज जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-2025 व जोनल विकास योजना-04 के अनुसार व्यवसायिक दर्शाया गया है, का आवासीय से व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन प्रस्तावित किये जाने बाबत् आमसूचना दिनांक 21-12-2023 द्वारा आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये थे। जिसमें 7 दिवस की निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए। प्रकरण में भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने की सशर्त स्वीकृति प्रदान की गई है।

<u>उपान्तरण</u>

जयपुर विकास प्राधिकरण अधिनियम 1982 की धारा 25 की उपधारा 1 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जविप्रा में स्थित जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित नव जीवन गृ.नि.स.स. की आवासीय योजना विद्युत नगर-बी के पुर्नगठित भूखण्ड संख्या बी 122 & बी 123 क्षेत्रफल 711.1 वर्गगज जिसका भू-उपयोग मास्टर विकास योजना-2025 व जोनल विकास योजना-04 के अनुसार व्यवसायिक दर्शाया गया है, का भू-उपयोग उपान्तरण मास्टर प्लान-2025 के अनुसार व्यवसायिक प्रयोजनार्थ किया जाता है।

यह अधिसूचना आज दिनांक 25-03-2026 को जारी की गई।

निशांत जैन,

सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।